**-:प्रेस नोट:-**

**दिनांक- 17.09.2026**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **थाना तिंदवारी क्षेत्र के ग्राम छापर में दिनांक 12/13.09.2026 की रात्रि हुई युवक की हत्या की घटना के वांछित दूसरे अभियुक्त को थाना तिंदवारी पुलिस द्वारा किया गया गिरफ्तार। घटना में शामिल एक अन्य अभियुक्त को पूर्व में दिनांक 16.09.2026 को गिरफ्तार कर भेजा जा चुका है जेल।**

**विवरण-** विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण लगाए जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना तिंदवारी पुलिस पुलिस टीम द्वारा युवक की हत्या की घटना में वांछित दूसरे अभियुक्त पवन उर्फ बल्ला को गिरफ्तार किया गया है। गौरतलब हो कि थाना तिंदवारी क्षेत्र के ग्राम छापर में दिनांक 13.09.2026 को एक युवक का शव बरामद हुआ था। घटना के संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना तिंदवारी पर अभियोग पंजीकृत किया गया था। घटना के शीघ्र अनावरण एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा पुलिस टीमों का गठन किया गया था। पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल से प्राप्त भौतिक एवं वैज्ञानिक साक्ष्यों का संकलन एवं परीक्षण किया गया। साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ तथा ऑपरेशन त्रिनेत्र के अंतर्गत लगाए गए सीसीटीवी कैमरों की सहायता से घटना के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की गई। जांच के दौरान प्रकाश में आए अभियुक्त अंकित उर्फ अंकुल पुत्र रामसेवक निवासी माटा थाना तिंदवारी जनपद बांदा को कल दिनांक 16.09.2026 को थाना तिंदवारी पुलिस एवं एसओजी की संयुक्त टीम द्वारा गिरफ्तार किया जा चुका है। पूछताछ में अभियुक्त अंकित उर्फ अंकुल द्वारा घटना में अपने साथी पवन उर्फ बल्ला पुत्र रामप्रकाश निवासी माटा थाना तिंदवारी जनपद बांदा के शामिल होने की जानकारी दी गई। पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्त पवन उर्फ बल्ला की गिरफ्तारी हेतु लगातार प्रयास किए जा रहे थे। इसी क्रम में आज दिनांक 17.09.2026 को थाना तिंदवारी पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

1. पवन उर्फ बल्ला पुत्र रामप्रकाश निवासी माटा थाना तिंदवारी जनपद बांदा।

**गिरफ्तार करने वाली टीम-**

1. श्री संदीप पटेल थानाध्यक्ष तिंदवारी
2. कां0 अमन मिश्रा
3. कां0 महेन्द्र प्रताप सिंह